**Note for Pad**

The State Government has implemented various measures to ensure that the citizens here feel secure and protected.

Among significant initiatives taken by the State Government are increasing the manpower to keep up with rising population, creating special units to counter heinous and emerging crimes in a focused manner and modernising the police to ensure that it is tech-savvy, well-equipped and well-trained to tackle crime effectively.

The State Government has made efforts to improve the coordination with the police department of neighbouring States and central Government agencies. Hundreds of inter-state criminals indulging in violent crimes, drug-trafficking and arms smuggling have been arrested. Special Task Force, set up to deal with hardened criminals, has arrested hundreds of hardened criminals carrying cash awards on their heads.

The State Government has been tough against gangsters and have taken steps to confiscate their crime proceeds, remove their illegal encroachment of Government and properties and invoke preventive detention clause of law. Police has all along maintained a high percentage of detection in crime against persons, crime against women and violent property crimes.

Another critical initiative taken by the State Government is successful implementation of Emergency Response Support System (ERSS), popular as Dial 112. Two police response vehicles in every police station are linked to the centralized police control room, equipped with the latest technology to get police help for citizens in distress in matters of minutes. Through citizen portal HarSamay, the State Government has made available to citizens a large number of police services online, making it unnecessary for them to go to police stations and offices.

Haryana has been a frontrunner state in implementing CCTNS (Crime Criminal Tracking Network & System), NAFIS (National Automated Fingerprints Identification System), ICJS (Interoperable Criminal Justice System) and NATGRID (National Intelligence Grid). By harnessing these databases, police has significantly improved its effectiveness in preventing and detecting crime.

The State Government has implemented a series of community policing initiatives like setting up Mitra Kaksh in police stations to give complainants a friendly reception, organising thematic mass awareness and engagement programs to create awareness among people about threat to their safety and precautions they should take. It has also set up police-public coordination committees at district level where top police officials interact with community leaders and work closely with them to identify and solve local problems. This has helped in building trust between the police and the people, which is essential in maintaining law and order. Through Raahgiri and Marathon and by patronising sports, police has built a strong rapport with youth of the state.

The State Government has also taken steps to improve the living and working conditions of the police force. Besides increasing housing satisfaction level substantially, State Government has set up schools at district headquarters for quality education for policemen's wards. It has substantially raised compensation for police personnel who are martyred or lose their lives in accident.

Another crucial initiative taken by the state government is the introduction of strict laws to deal with crime. It believes that punishment should be severe enough to act as a deterrent for potential criminals. Towards this end, government has amended several laws that provide for harsh punishments for crimes such as child rape, snatching. It has also set up fast-track courts to ensure that justice is delivered quickly.

The Government has implemented a transparent recruitment policy to ensure that only criteria for joining police force is merit.

The State Government has set up cyber police stations in every district and zone to stop cybercrime. It has also operationalised cyber crime helpline number 1930 to help victims of cybercrime get their complaints lodged and defrauded money back.

**Higher registration of Rape cases in 2022 compared to 2015 explained**

Compared to 1070 in 2015, Rape count is 1968 is 2022. Cancellation % of rape cases was 23.7% in 2015; it was high 36.9% in 2022. In addition, half - 50.1% (985 of 1968) - of Rape cases in 2022 were repeat kind and registered under Section 376(2)(n) IPC, implying that the complainant was in relationship with the accused. Thus the increase in rape cases from 1070 in 2015 to 1968 in 2022 is, to a large extent, attributable to free registration of cases facilitated by Mahila thana and Mahila Help desk set up in the state. Moreover, 7.2% of the rape cases registered in 2022 were dowry-

linked. Crime data from year 2022 is being extracted from CCTNS. Following the ‘principle of primary offence’, rapes alleged in dowry cases get reflected in crime head of ‘Rape’ as it carries higher sentence than dowry harassment. When data used to be manually collected, such cases usually got counted as dowry offence. This is another reason for increase in rape cases registered.

In conclusion, the state government has taken all necessary steps to ensure that law and order situation in Haryana is fully under control. It has ensured that Haryana police is a modern, well-equipped, and well-trained police force, capable of dealing with any situation effectively.

*******

District-wise details of the cases registered for the year 2015 and 2022

| Sr. No. | Name of District | Murder (302 IPC) | | Rape (376-376E IPC) | | POCSO (4&6) | | Kidnapping for Ransom (364A IPC) | | Kidnapping (363-364, 365-369 IPC) | | Dacoity (395/396/397 IPC) | | Extortion & Blackmail (384-389 IPC) | | Riots (147-151 IPC) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 | 2015 | 2022 |
| 1 | Ambala (Rural) | 15 | 28 | 3 | 86 | 11 | 60 | 0 | 1 | 26 | 180 | 2 | 3 | 2 | 29 | 17 | 50 |
| 2 | Ambala (Urban) | 17 | | 22 | | 4 | | 0 | | 69 | | 0 | | 10 | | 5 | |
| 3 | Bhiwani | 51 | 51 | 44 | 62 | 0 | 48 | 0 | 0 | 57 | 71 | 17 | 1 | 9 | 6 | 230 | 90 |
| 4 | Faridabad | 60 | 80 | 128 | 171 | 0 | 139 | 0 | 2 | 447 | 470 | 20 | 4 | 32 | 29 | 201 | 106 |
| 5 | Fatehabad | 21 | 14 | 21 | 44 | 9 | 31 | 0 | 0 | 45 | 74 | 1 | 0 | 7 | 12 | 80 | 63 |
| 6 | G. R. P. | 25 | 22 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 | 7 | 4 |
| 7 | Gurgaon | 94 | 88 | 130 | 198 | 32 | 103 | 4 | 3 | 417 | 288 | 27 | 16 | 63 | 63 | 222 | 142 |
| 8 | Hissar | 50 | 34 | 55 | 126 | 6 | 69 | 1 | 3 | 69 | 123 | 6 | 7 | 19 | 35 | 71 | 169 |
| 9 | Jhajjar | 43 | 60 | 60 | 66 | 9 | 45 | 0 | 2 | 38 | 158 | 5 | 10 | 16 | 14 | 39 | 71 |
| 10 | Jind | 57 | 39 | 31 | 53 | 2 | 51 | 1 | 1 | 59 | 114 | 6 | 5 | 7 | 14 | 156 | 93 |
| 11 | Kaithal | 42 | 35 | 29 | 42 | 0 | 36 | 1 | 3 | 167 | 171 | 0 | 9 | 17 | 10 | 0 | 61 |
| 12 | Karnal | 62 | 66 | 54 | 127 | 50 | 101 | 3 | 2 | 421 | 148 | 4 | 3 | 11 | 45 | 48 | 156 |
| 13 | Kurukshetra | 32 | 27 | 26 | 96 | 18 | 61 | 1 | 1 | 55 | 186 | 7 | 1 | 8 | 11 | 0 | 43 |
| 14 | Mahendergarh | 39 | 33 | 32 | 37 | 2 | 15 | 1 | 0 | 64 | 58 | 6 | 4 | 9 | 9 | 84 | 56 |
| 15 | Mewat | 26 | 21 | 59 | 83 | 23 | 51 | 0 | 2 | 73 | 108 | 21 | 6 | 8 | 3 | 159 | 86 |
| 16 | Palwal | 44 | 53 | 36 | 84 | 1 | 53 | 2 | 0 | 104 | 131 | 15 | 2 | 12 | 17 | 254 | 121 |
| 17 | Panchkula | 11 | 12 | 24 | 43 | 1 | 39 | 0 | 2 | 160 | 107 | 3 | 4 | 14 | 6 | 5 | 29 |
| 18 | Panipat | 58 | 72 | 47 | 124 | 31 | 89 | 0 | 3 | 98 | 605 | 13 | 4 | 10 | 33 | 90 | 83 |
| 19 | Rewari | 42 | 41 | 56 | 54 | 0 | 52 | 0 | 0 | 60 | 101 | 14 | 4 | 3 | 8 | 87 | 35 |
| 20 | Rohtak | 60 | 61 | 54 | 89 | 6 | 55 | 2 | 0 | 489 | 172 | 13 | 6 | 14 | 15 | 83 | 101 |
| 21 | Sirsa | 33 | 34 | 52 | 65 | 0 | 48 | 1 | 0 | 65 | 134 | 3 | 5 | 14 | 17 | 18 | 83 |
| 22 | Sonipat | 84 | 73 | 62 | 158 | 0 | 92 | 1 | 1 | 72 | 286 | 5 | 8 | 14 | 16 | 19 | 95 |
| 23 | Yamunanagar | 36 | 31 | 44 | 114 | 19 | 79 | 1 | 0 | 443 | 211 | 7 | 1 | 18 | 19 | 0 | 50 |
| 24 | Hansi | 0 | 15 | 0 | 26 | 0 | 20 | 0 | 1 | 0 | 30 | 0 | 1 | 0 | 14 | 0 | 36 |
| 25 | C.Dadri | 0 | 17 | 0 | 20 | 0 | 19 | 0 | 0 | 0 | 25 | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 20 |
| | **Total** | **1002** | **1007** | **1070** | **1968** | **224** | **1358** | **19** | **27** | **3501** | **3953** | **201** | **105** | **317** | **431** | **1875** | **1843** |

# नोट फॉर पैड

राज्य सरकार ने विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा यह सुनिश्चित किया है कि राज्य के नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें।

राज्य सरकार द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहलों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस की भर्ती, जघन्य और नये अपराधों का मुकाबला करने के लिए विशेष इकाइयों का गठन और पुलिस का आधुनिकीकरण है जिससे ये सुनिश्चित हो सके कि पुलिस तकनीकी रूप से सक्षम, सुसज्जित एवं प्रशिक्षित है और अपराध पर प्रभावी ढंग से नकेल कस सकती है।
राज्य सरकार ने पड़ोसी राज्यों के पुलिस विभाग और केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ तालमेल बेहतर किया है। हिंसक अपराधों, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी में शामिल सैकड़ों अंतर्राज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। खूंखार अपराधियों से निपटने के लिए गठित 'स्पेशल टास्क फोर्स' ने सैकड़ों ईनामी बदमाशों को धर दबोचा है।

राज्य सरकार गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त रही है और उनके अपराध से उपार्जित सम्पत्ति को जब्त करने, सरकारी संपत्तियों पर उनके अवैध अतिक्रमण को हटाने और कानून के निवारक निरोध खंड को लागू करने के लिए कदम उठाए हैं। पुलिस ने मानव विरुद्ध अपराध, महिला विरुद्ध अपराध और हिंसक संपत्ति अपराधों को हल करने का उच्च प्रतिशत बनाए रखा है।

राज्य सरकार द्वारा की गई एक और महत्वपूर्ण पहल 'आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली' (ERSS) का सफल क्रियान्वन है, जो 'डायल 112' के रूप में लोकप्रिय है। प्रत्येक पुलिस स्टेशन में नवीनतम तकनीक से लैस दो 'आपदा प्रतिक्रिया वाहन' (ERV) केंद्रीकृत पुलिस नियंत्रण कक्ष से जुड़े हुए हैं जो संकट में फंसे नागरिकों की सहायता के लिए मिनटों में पहुँचने की क्षमता रखती है। सिटीजन पोर्टल 'हरसमय' के माध्यम से राज्य सरकार ने नागरिकों को बड़ी संख्या में पुलिस सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध करायी हैं, जिससे अब उन्हें पुलिस थानों और कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

हरियाणा CCTNS (क्राइम क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम), NAFIS (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम), ICJS (इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और NATGRID (नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड) को लागू करने में अग्रणी राज्य रहा है। इनका उपयोग कर पुलिस ने अपराध को रोकने और सुराग लगाने की अपनी क्षमता में काफी सुधार किया है।

राज्य सरकार ने शिकायतकर्ताओं को एक दोस्ताना अनुभव देने के लिए पुलिस थानों में मित्र कक्ष की स्थापना एवं लोगों को सुरक्षा के खतरे और उनसे बचने के उपाय के बारे में जागरूक करने के लिए विषयगत जन-सम्पर्क कार्यक्रमों के आयोजन जैसी कम्युनिटी पुलिसिंग पहल को लागू किया है। जिला स्तर पर पुलिस-जनता समन्वय समितियों का गठन भी किया गया है जहां शीर्ष पुलिस अधिकारी समाज सेवियों के साथ बातचीत करते हैं और स्थानीय समस्याओं की पहचान करने और उन्हें हल करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करते हैं। इससे पुलिस और लोगों के बीच विश्वास कायम करने में मदद मिली है, जो कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है। 'राहगिरी' और 'मैराथन' के माध्यम से और खेलों को बढ़ावा देकर पुलिस ने राज्य के युवाओं के साथ एक मजबूत गठजोड़ स्थापित किया है।

राज्य सरकार ने पुलिस बल के रहन-सहन और काम करने की स्थिति में सुधार के लिए भी कदम उठाए हैं। आवास संतुष्टि स्तर में वृद्धि के अलावा राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जिला मुख्यालयों पर स्कूलों की स्थापना की है। सरकार ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए एवं दुर्घटना में हताहत हुये पुलिस कर्मियों के लिए मुआवजे की राशि और अन्य सुविधाओं में काफी वृद्धि की है।

राज्य सरकार ने अपराध से निपटने के लिए कानूनों को सख़्त किया है। सोच है कि अधिक सजा संभावित अपराधियों को अपराध करने से रोकती है। सरकार ने कई कानूनों में संशोधन किया है जैसे कि बाल बलात्कार, झपटमारी। सरकार ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट भी स्थापित किए हैं ताकि न्याय जल्दी दिलाया जा सके।

सरकार ने पूर्ण रूप से पारदर्शी भर्ती नीति लागू की है, पुलिस बल में शामिल होने का एकमात्र मानदंड योग्यता है।

सरकार ने साइबर क्राइम रोकने के लिए राज्य के हर जिले और जोन में साइबर थाना स्थापित किया है। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 भी कार्यान्वित किया गया है ताकि साइबर क्राइम के पीड़ितों को शिकायतें दर्ज कराने और उन्हें धोखाधड़ी के पैसे वापस दिलाने में उनकी मदद की जा सके।

**2015 की तुलना में 2022 में बलात्कार के अधिक मुक़दमे दर्ज होने के संभावित कारण**

वर्ष 2015 में 1070 की तुलना में 2022 में 1968 बलात्कार के मामले दर्ज हुए। 2015 के 23.7% की तुलना में 2022 में 36.9% मुक़दमे अनुसंधान के दौरान ग़लत (झूठे) पाए गए। 2022 में दर्ज 1968 मुक़दमों में 985 - लगभग आधे - ऐसे थे जो धारा 376(2)(n) IPC के तहत दर्ज हुए जिसका तात्पर्य है कि शिकायतकर्ता एवं आरोपी में पहले से संबंध थे। राज्य में महिला थाना और हेल्प-डेस्क की स्थापना कर महिलाओं की शिक़ायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है, दर्ज मामलों में वृद्धि का एक बड़ा कारण ये है।

एक और कारण अपराध आँकड़ों को 2022 उपरांत CCTNS से तैयार करना है। दहेज संबंधी मामलों में बलात्कार के दर्ज मुक़दमें भी अब बलात्कार शीर्षक में ही परिलक्षित होते हैं। ऐसे मुक़दमे की संख्या 2022 में दर्ज मुक़दमों का 7.2 % है। 2021 और इसके पहले जब आँकड़े मैन्युअली तैयार किए जाते थे तो ऐसे मामले सामान्यतया दहेज में गिन लिए जाते थे। CCTNS में इसकी गिनती इसीलिए होती है कि बलात्कार में सजा की अवधि दहेज उत्पीड़न से अधिक है।

निष्कर्षत: राज्य सरकार ने हरियाणा में कानून एवं व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हरियाणा पुलिस एक आधुनिक, सुसज्जित और उच्च प्रशिक्षण-प्राप्त पुलिस बल है जो किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है।

******

**वर्ष 2015 एवं 2022 में अंकित आपराधिक मामलों का जिला-वार विवरण**

| क्रम संख्या | जिला/यूनिट | हत्या (302 भा.द.स.) | | बलात्कार (376-376 ई भा.द.स.) | | पोक्सो (4 एवं 6) | | फिरौती के लिए अपहरण (364ए भा.द.स.) | | अपहरण (363-364, 365-369 भा.द.स.) | | डकैती (395/396/397 भा.द.स.) | | जबरन वसूली और ब्लैकमेल (384-389 भा.द.स.) | | दंगे (147-151 भा.द.स.) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** | **2015** | **2022** |
| 1 | अम्बाला- ग्रामीण | 15 | 28 | 3 | 86 | 11 | 60 | 0 | 1 | 26 | 180 | 2 | 3 | 2 | 29 | 17 | 50 |
| 2 | अम्बाला- शहरी | 17 | | 22 | | 4 | | 0 | | 69 | | 0 | | 10 | | 5 | |
| 3 | भिवानी | 51 | 51 | 44 | 62 | 0 | 48 | 0 | 0 | 57 | 71 | 17 | 1 | 9 | 6 | 230 | 90 |
| 4 | फरीदाबाद | 60 | 80 | 128 | 171 | 0 | 139 | 0 | 2 | 447 | 470 | 20 | 4 | 32 | 29 | 201 | 106 |
| 5 | फतेहाबाद | 21 | 14 | 21 | 44 | 9 | 31 | 0 | 0 | 45 | 74 | 1 | 0 | 7 | 12 | 80 | 63 |
| 6 | जी.आर.पी. | 25 | 22 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 3 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 | 7 | 4 |
| 7 | गुरुग्राम | 94 | 88 | 130 | 198 | 32 | 103 | 4 | 3 | 417 | 288 | 27 | 16 | 63 | 63 | 222 | 142 |
| 8 | हिसार | 50 | 34 | 55 | 126 | 6 | 69 | 1 | 3 | 69 | 123 | 6 | 7 | 19 | 35 | 71 | 169 |
| 9 | झज्जर | 43 | 60 | 60 | 66 | 9 | 45 | 0 | 2 | 38 | 158 | 5 | 10 | 16 | 14 | 39 | 71 |
| 10 | जीन्द | 57 | 39 | 31 | 53 | 2 | 51 | 1 | 1 | 59 | 114 | 6 | 5 | 7 | 14 | 156 | 93 |
| 11 | कैथल | 42 | 35 | 29 | 42 | 0 | 36 | 1 | 3 | 167 | 171 | 0 | 9 | 17 | 10 | 0 | 61 |
| 12 | करनाल | 62 | 66 | 54 | 127 | 50 | 101 | 3 | 2 | 421 | 148 | 4 | 3 | 11 | 45 | 48 | 156 |
| 13 | कुरुक्षेत्र | 32 | 27 | 26 | 96 | 18 | 61 | 1 | 1 | 55 | 186 | 7 | 1 | 8 | 11 | 0 | 43 |
| 14 | महेन्द्रगढ़ | 39 | 33 | 32 | 37 | 2 | 15 | 1 | 0 | 64 | 58 | 6 | 4 | 9 | 9 | 84 | 56 |
| 15 | मेवात | 26 | 21 | 59 | 83 | 23 | 51 | 0 | 2 | 73 | 108 | 21 | 6 | 8 | 3 | 159 | 86 |
| 16 | पलवल | 44 | 53 | 36 | 84 | 1 | 53 | 2 | 0 | 104 | 131 | 15 | 2 | 12 | 17 | 254 | 121 |
| 17 | पंचकूला | 11 | 12 | 24 | 43 | 1 | 39 | 0 | 2 | 160 | 107 | 3 | 4 | 14 | 6 | 5 | 29 |
| 18 | पानीपत | 58 | 72 | 47 | 124 | 31 | 89 | 0 | 3 | 98 | 605 | 13 | 4 | 10 | 33 | 90 | 83 |
| 19 | रेवाड़ी | 42 | 41 | 56 | 54 | 0 | 52 | 0 | 0 | 60 | 101 | 14 | 4 | 3 | 8 | 87 | 35 |
| 20 | रोहतक | 60 | 61 | 54 | 89 | 6 | 55 | 2 | 0 | 489 | 172 | 13 | 6 | 14 | 15 | 83 | 101 |
| 21 | सिरसा | 33 | 34 | 52 | 65 | 0 | 48 | 1 | 0 | 65 | 134 | 3 | 5 | 14 | 17 | 18 | 83 |
| 22 | सोनीपत | 84 | 73 | 62 | 158 | 0 | 92 | 1 | 1 | 72 | 286 | 5 | 8 | 14 | 16 | 19 | 95 |
| 23 | यमुनानगर | 36 | 31 | 44 | 114 | 19 | 79 | 1 | 0 | 443 | 211 | 7 | 1 | 18 | 19 | 0 | 50 |
| 24 | हासीं | 0 | 15 | 0 | 26 | 0 | 20 | 0 | 1 | 0 | 30 | 0 | 1 | 0 | 14 | 0 | 36 |
| 25 | चरखी-दादरी | 0 | 17 | 0 | 20 | 0 | 19 | 0 | 0 | 0 | 25 | 0 | 1 | 0 | 6 | 0 | 20 |
| | कुल जोड़ | **1002** | **1007** | **1070** | **1968** | **224** | **1358** | **19** | **27** | **3501** | **3953** | **201** | **105** | **317** | **431** | **1875** | **1843** |